M.A. Hindi

Set No. 1

Question Booklet No. 00091

# 12P/237/29

*(To be filled up by the candidate by blue/black ball-point pen)*

Roll No. | | | | | | | | |

Roll No. (Write the digits in words) ..............................................................

Serial No. of Answer Sheet ..............................

Day and Date .............................................. ( Signature of Invigilator )

## INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

(Use only ***blue/black ball-point pen*** in the space above and on both sides of the **Answer Sheet**)

1. Within 10 minutes of the issue of the Question Booklet, check the Question Booklet to ensure that it contains all the pages in correct sequence and that no page/question is missing. In case of faulty Question Booklet bring it to the notice of the Superintendent/Invigilators immediately to obtain a fresh Question Booklet.
2. Do not bring any loose paper, written or blank, inside the Examination Hall ***except the Admit Card without its envelope.***
3. ***A separate Answer Sheet is given. It should not be folded or mutilated. A second Answer Sheet shall not be provided. Only the Answer Sheet will be evaluated.***
4. Write your Roll Number and Serial Number of the Answer Sheet by pen in the space prvided above.
5. ***On the front page of the Answer Sheet, write by pen your Roll Number in the space provided at the top and by darkening the circles at the bottom. Also, wherever applicable, write the Question Booklet Number and the Set Number in appropriate places.***
6. ***No overwriting is allowed in the entries of Roll No., Question Booklet no. and Set no. (if any) on OMR sheet and Roll No. and OMR sheet no. on the Queston Booklet.***
7. ***Any change in the aforesaid entries is to be verified by the invigilator, otherwise it will be taken as unfairmeans.***
8. ***Each question in this Booklet is followed by four alternative answers. For each question, you are to record the correct option on the Answer Sheet by darkening the appropriate circle in the corresponding row of the Answer Sheet, by pen as mentioned in the guidelines given on the first page of the Answer Sheet.***
9. For each question, darken only one circle on the Answer Sheet. If you darken more than one circle or darken a circle partially, the answer will be treated as incorrect.
10. *Note that the answer once filled in ink cannot be changed. If you do not wish to attempt a question, leave all the circles in the corresponding row blank (such question will be awarded zero marks).*
11. For rough work, use the inner back page of the title cover and the blank page at the end of this Booklet.
12. Deposit only **OMR** ***Answer Sheet*** at the end of the Test.
13. You are not permitted to leave the Examination Hall until the end of the Test.
14. If a candidate attempts to use any form of unfair means, he/she shall be liable to such punishment as the University may determine and impose on him/her.

**Total No. of Printed Pages : 32** *[उपर्युक्त निर्देश हिन्दी में अन्तिम आवरण पृष्ठ पर दिये गए हैं।]*

# 12P/237/29

**No. of Questions : 150**

**प्रश्नों की संख्या : 150**

***Time : 2 Hours*** | ***Full Marks : 450***

***समय : 2 घण्टे*** | ***पूर्णाङ्क : 450***

**Note :** Attempt as many questions as you can. Each question carries **3 (Three)** marks. ***One mark will be deducted for each incorrect answer.*** **Zero** mark will be awarded for each unattempted question.

अधिकाधिक प्रश्नों को हल करने का प्रयत्न करें। प्रत्येक प्रश्न **3 ( तीन )** अंक का है। ***प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक अंक काटा जायेगा।*** प्रत्येक अनुत्तरित प्रश्न का प्राप्तांक ***शून्य*** होगा।

**01.** पूर्वी हिन्दी का उद्‌भव किस अपभ्रंश से हुआ है ?

(1) शौरसेनी (2) पैशाची (3) मागधी (4) अर्ध मागधी

**02.** मानवीय भाषा की प्रवृत्ति **नहीं** है :

(1) अर्जित संपत्ति है (2) पैत्रिक संपत्ति नहीं है

(3) व्यक्तिगत संपत्ति है (4) चिरपरिवर्तन शील है

**03.** भाषा की परिभाषा का अनिवार्य तत्व **नहीं** है :

(1) यादृच्छिक ध्वनि प्रतीक (2) लिपि चिह्न

(3) व्यवस्था (4) भाव आदान-प्रदान

**04.** हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग के तत्त्वावधान में 1935 ई. में हुए नागरी लिपि-सुधार सम्मेलन की अध्यक्षता किसने की थी ?

(1) आचार्य नरेंद्र देव (2) डॉ. राधाकृष्णन

(3) महात्मा गाँधी (4) मदन मोहन मालवीय

**05.** नागरी लिपि के अंतस्थ वर्णों की संख्या कितनी है ?

(1) तीन (2) चार (3) पाँच (4) छह

**06.** नागरी लिपि के प्रथम सुधारक का नाम है :

(1) मोहन राना डे (2) विनोद राना डे

(3) सोहन राना डे (4) गोविंद रानाडे

**07.** अवधी की रचना है :

(1) पद्मावत (2) भारत भारती (3) भँवर गीत (4) दीप शिखा

**08.** 'खाना' क्रिया से किसमें 'खायो' रूप बनता है ?

(1) अवधी (2) ब्रज

(3) मैथिली (4) खड़ी बोली

**09.** हिन्दी की मूर्द्धन्य नासिक्य ध्वनि का चयन कीजिए :

(1) ङ् (2) ण् (3) म् (4) न्

**10.** खड़ी बोली क्रिया शब्द की क्या पहचान है ?

(1) अकारांत (2) इकारांत (3) आकारांत (4) ईकारांत

**11.** हिंदी की स्पर्श अघोष महाप्राण दंत्य व्यंजन ध्वनि का चयन कीजिए :

(1) द् (2) थ् (3) ब् (4) त्

**12.** हिंदी का अग्र अवृत्ताकार संवृत स्वर है :

(1) इ (2) उ (3) ए (4) औ

**13.** 'उन्मेष' शब्द का अर्थ है :

(1) खिलना (2) आरोह (3) अवरोह (4) फिसलना

**14.** हिंदी की क्रिया की शब्द संपदा का मुख्य रूप क्या है ?

(1) तत्सम (2) तद्भव (3) देशज (4) अनुकरणात्मक

**15.** "दिनेश मैदान में लगातार बहुत तेज दौड़ रहे थे ।"– वाक्य में कौन-सा पदबंध है ?

(1) संज्ञा पदबंध (2) विशेषण पदबंध

(3) क्रिया विशेषण पदबंध (4) क्रियापदबंध

**16.** हिंदी को संघ के संविधान में क्या नाम दिया गया है ?

(1) राष्ट्रभाषा (2) राष्ट्रीयभाषा (3) मानक भाषा (4) राजभाषा

**17.** हिन्दी कार्यान्वयन के लिए संविधान के किन अनुच्छेदों की व्यवस्था की गयी है ?

(1) 341-351 (2) 343-351 (3) 347-353 (4) 349-357

**18.** 'त्रिभाषा सूत्र' पालन का संकल्प कब सामने आया ?

(1) सन् 1955 (2) सन् 1960 (3) सन् 1965 (4) सन् 1968

**19.** काव्य-लक्षण बताते हुए किसने कहा है- ''वाक्य रसात्मकं काव्यम्' :

(1) विश्वनाथ (2) भामह (3) मम्मट (4) रुद्रट

**20.** 'ननु शब्दार्थौ काव्यम्' - किसका कथन है ?

(1) भामह (2) दंडी (3) रुद्रट (4) पं. जगन्नाथ

**21.** 'साहित्य, मानव जवीन की गंभीर व्याख्या है' - किसका कथन है ?

(1) डॉ. नगेंद्र (2) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

(3) पंत (4) अज्ञेय

**22.** 'काव्य यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये ।

सघः परनिर्वृत्तये कान्तासम्मिततयोपदेशयुजे ।।'

किसका कथन है ?

(1) भामह (2) मम्मट (3) विश्वनाथ (4) रुद्रट

**23.** आत्मानुभूति को काव्य का प्रयोजन मानने वाले हैं :

(1) नंद दुलारे वाजपेयी
(2) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
(3) डॉ. नगेंद्र
(4) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

**24.** वक्रोक्ति संप्रदाय के प्रवर्त्तक आचार्य का क्या नाम है ?

(1) आचार्य क्षेमेंद्र
(2) आचार्य वामन
(3) आचार्य मम्मट
(4) आचार्य कुंतक

**25.** ध्वनि संप्रदाय के प्रवर्त्तक आचार्य का क्या नाम है ?

(1) आचार्य भामह
(2) आचार्य आनंद वर्द्धन
(3) आचार्य क्षेमेंद्र
(4) आचार्य वामन

**26.** नाट्यशास्त्र में कितने रसों की चर्चा की गई है ?

(1) छह (2) सात (3) आठ (4) नौ

**27.** 'काव्यालंकार' किसका ग्रंथ है ?

(1) आचार्य रुद्रट
(2) आचार्य भामह
(3) आचार्य
(4) आचार्य शंकुक

**28.** आचार्य भरत मुनि ने कितने अलंकारों की चर्चा की है ?

(1) चार (2) पाँच (3) सात (4) आठ

**29.** काव्य-गुण **नहीं** है :

(1) प्रसाद (2) ओज (3) माधुर्य (4) व्यंजना

**30.** 'रसराज' की संज्ञा किस रस को दी गयी है ?

(1) वात्सल्य (2) शांत (3) श्रृंगार (4) करुण

**31.** 'जुगुप्सा' किस रस का स्थाई भाव है ?

(1) भयानक (2) वीभत्स (3) करुण (4) रौद्र

**32.** 'रहिमन पानी राखिए बिन पानी सब सून।

पानी गये न ऊबरैं मोती मानुष चून।।'

–में किस अलंकार की योजना है ?

(1) यमक (2) श्लेष (3) उत्प्रेक्षा (4) दीपक

**33.** 'नहिं पराग नहिं मधुर मधु नहिं विकास यहि काल।

अली कली ही सौं बंध्यौ, आगे कौन हवाल।।''

–इन पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है ?

(1) अन्योक्ति (2) विशेषोक्ति (3) असंगति (4) विभावना

**34.** 'कनक-कनक ते सौ गुनी मादकता अधिकाय' में कौन सा अलंकार है ?

(1) श्लेष (2) उत्प्रेक्षा (3) यमक (4) रूपक

**35.** 'श्री गुरु चरन सरोज रज, निज मन मुकुर सुधार।

वरनौ रघुवर विमल यश, जो दायक फल चार।।''

इन पंक्तियों में किस छंद की योजना है ?

(1) इंद्रवज्रा (2) उपेंद्रवज्रा (3) सोरठा (4) दोहा

**36.** ''आगे चले बहुरि रघुराई'

ऋष्यमूक पर्वत नियराई।।''

इसमें कौन-सा छंद है ?

(1) दोहा (2) चौपाई (3) गीतिका (4) सोरठा

**37.** वह इष्टदेव के मंदिर की पूजा-सी दीपशिखा-सी।''

इन पंक्तियों में किस अलंकार की योजना है ?

(1) अनुप्रास (2) दीपक (3) उल्लेख (4) प्रतीप

**38.** 'पीपर पात सरिस मन डोला।'

में कौन-सा अलंकार है ?

(1) लुप्तोपमा (2) मलोपमा

(3) पूर्णोपमा (4) वाचक लुप्तोपमा

**39.** 'कहत नटत रीझत खिझत मिलत खिलत लजियात।' किस रस की योजना है ?

(1) श्रृंगार (2) हास्य (3) करुण (4) शांत

**40.** 'बैन वही उनको गुन गाइ, औ कान वही उन बैन सो सानी ।
हाथ वही उन गात सरै, अरु पाँव वही जु वही अनुजानी ।।'

इसमें किस छंद की योजना है ?

(1) कवित्त (2) सवैया (3) कुंडलिया (4) छप्पय

**41.** 'अबला जीवन हाय, तुम्हारी यही कहानी।
आँचल में है दूध और आंखों में पानी ।।'

इसमें किस छंद की योजना है ?

(1) कवित्त (2) सवैया (3) कुंडलिया (4) छप्पय

**42.** संचारी भावों की संख्या कितनी है ?

(1) 9 (2) 11 (3) 21 (4) 33

**43.** ''विज्ञान में जो बुद्धि है, दर्शन में दृष्टि है, वही कविता में कल्पना है। कल्पना के साथ कवि की कला है ।''

किसका कथन है ?

(1) आचार्य रामचंद्र शुक्ल (2) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(3) श्याम सुंदर दास (4) डॉ. नगेंद्र

**44.** ''जिस कविता के भीतर बनने वाले चित्र जितने ही स्वच्छ यानी विभिन्न इंद्रियों से स्पष्ट अनुभूत होने योग्य होते हैं, वह कविता उतनी ही सफल और सुंदर होती है ।''

किसका कथन है ?

(1) सुमित्रा नंदन पंत (2) डॉ. केदार नाथ सिंह

(3) रामधारी सिंह दिनकर (4) डॉ. कुमार विमल

**45.** ''बनाती रसोई, सभी को खिलाती,

इसी काम में आज मैं तृप्ति पाती।''

इसमें कौन सा बिंब विधान है ?

(1) दृश्य बिंब (2) स्वाद बिंब

(3) घ्राण बिंब (4) स्पर्श बिंब

**46.** स्वच्छंदतावाद के प्रवर्त्तक कौन हैं ?

(1) वड्र्सवर्थ (2) इलियट (3) हीगल (4) कालरिज

**47.** जयशंकर प्रसाद ने हिंदी में यथार्थवाद का जनक किसे माना है ?

(1) मैथिली शरण गुप्त (2) सोहन लाल द्विवेदी

(3) प्रताप नारायण मिश्र (4) भारतेंदु हरिश्चंद्र

**48.** 'रस मीमांसा' किसकी आलोचनात्मक कृति है ?

(1) डॉ. नामवर सिंह
(2) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
(3) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(4) श्याम सुंदर दास

**49.** 'नया साहित्य : नए प्रश्न'–किसकी रचना है ?

(1) नंद दुलारे वाजपेयी
(2) डॉ. नगेंद्र
(3) विष्णुकांत शास्त्री
(4) डॉ. मैनेजर पांडेय

**50.** ''शब्दार्थौ सहितौ काव्य गद्यं पद्यं च तद् द्विधा।''– किसका कथन है ?

(1) दण्डी (2) भामह (3) वामन (4) मम्मट

**51.** आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी की हिंदी साहित्य के इतिहास की पुस्तक का क्या नाम है ?

(1) हिंदी साहित्य का इतिहास
(2) हिंदी साहित्य की भूमिका
(3) हिंदी साहित्येतिहास
(4) हिंदी साहित्य के इतिहास की भूमिका

**52.** 'मिश्रबंधु' कितने भाई थे ?

(1) दो (2) तीन (3) चार (4) पाँच

**53.** आदिकाल को 'बीजवपन काल' किसने कहा है ?

(1) हजारी प्रसाद द्विवेदी (2) डॉ. राम कुमार वर्मा

(3) महावीर प्रसाद द्विवेदी (4) मिश्रबंधु

**54.** आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने हिंदी साहित्य के इतिहास संवत 1050 से 1375 तक के काल को क्या नाम दिया है ?

(1) वीरगाथा काल (2) चारणकाल

(3) प्रांरभिक काल (4) आदिकाल

**55.** पृथ्वीराज 'रासो' किसकी रचना है ?

(1) जगनिक (2) नरपति नाल्ह

(3) दलपति (4) चंद्रवरदाई

**56.** विद्यापति की रचना का क्या नाम है ?

(1) कीर्तिलता (2) पउमचरिउ (3) चर्यापद (4) चंदनबाला

**57.** हिन्दी का प्रथम महाकाव्य किसे माना गया है ?

(1) पद्मावत (2) पृथ्वीराज रसो

(3) रामचरित मानस (4) पउमचरिउ

**58.** 'ज्ञानाश्रयी काव्यधारा के कवि नहीं हैं :

(1) मलूकदास (2) कबीर दास (3) नंददास (4) दादू

**59.** प्रेमाश्रयी काव्य धारा के कवि **नहीं** हैं :

(1) मुल्लादाउद (2) जायसी (3) मंझन (4) घनानंद

**60.** तुलसी दास की रचना **नहीं** है :

(1) विनय पत्रिका
(2) ध्यान मंजरी
(3) दोहावली
(4) पार्वती मंगल

**61.** कबीर को 'वाणी का डिक्टेटर' कहने वाले विद्वान् का क्या नाम है ?

(1) डॉ. नगेंद्र
(2) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
(3) डॉ. अशोक वाजपेयी
(4) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

**62.** अष्टछाप कवियों में वल्लभाचार्य के कितने शिष्य थे ?

(1) दो (2) तीन (3) चार (4) पांच

**63.** जायसी ने पद्मावत की रचना किस भाषा में की है ?

(1) ठेठ अवधी
(2) साहित्यिक अवधी
(3) मानक हिन्दी
(4) ब्रज

**64.** राम चरित मानस में कितने कांड हैं ?

(1) पाँच (2) छह (3) सात (4) आठ

65. 'रीतिकाल' को 'अलंकृत काल'– किसने कहा है ?

(1) आचार्य रामचंद्र शुक्ल (2) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

(3) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी (4) मिश्रबंधु

66. शिवाबावनी' किसकी रचना है ?

(1) बोधा (2) भूषण (3) घनानंद (4) रसलीन

67. चिंतामणि और मतिराम के भाई का नाम है :

(1) बिहारी (2) भूषण

(3) सेनापति (4) भिखारी दास

68. 'अति सूधो सनेह को मारग है' किसकी पंक्ति है ?

(1) बिहारी (2) भूषण (3) घनानंद (4) देव

69. प्रयोगवाद का समय क्या है ?

(1) सन् 1925-1933 ई. (2) सन् 1929-1937 ई.

(3) सन् 1937-1945 ई. (4) सन् 1943-1951 ई.

70. 'अंधेर नगरी' किसकी रचना है ?

(1) जयशंकर प्रसाद (2) भारतेंदु हरिश्चंद्र

(3) राम कुमार वर्मा (4) बाल मुकुंद गुप्त

**71.** हिंदी साहित्य के आधुनिक युग का जन्मदाता किसे कहा गया है ?

(1) मैथिलीशरण गुप्त

(2) भारतेंदु हरिश्चंद्र

(3) श्रीधर पाठक

(4) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरि बौध'

**72.** रामनरेश त्रिपाठी किस धारा के कवि हैं ?

(1) राष्ट्रीय काव्य (2) प्रगतिवादी

(3) प्रयोगवादी (4) नई कविता

**73.** 'यशोधरा' किसकी रचना है ?

(1) महावीर प्रसाद द्विवेदी (2) जगन्नाथ दास रत्नाकर

(3) मैथिली शरण गुप्त (4) राम कुमार वर्मा

**74.** जयशंकर प्रसाद की 'कामायनी' का काव्य रूप है :

(1) मुक्त काव्य (2) चंपू काव्य (3) खंड काव्य (4) महाकाव्य

**75.** प्रयोगवाद का उद्‍भव किस रचना से माना गया है ?

(1) ठंडा लोहा (2) तार सप्तक

(3) अँधेरे में (4) बुनी हुई रस्सी

**76.** 'कुरुक्षेत्र' किसकी रचना है ?

(1) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' (2) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(3) नागार्जुन (4) मुक्तिबोध

**77.** 'पुष्प की अभिलाषा' कविता किसकी रचना है ?

(1) माखन लाल चतुर्वेदी
(2) सियाराम शरण गुप्त
(3) श्रीधर पाठक
(4) सुभद्रा कुमारी चौहान

**78.** "अबला जीवन हाय तुम्हारी यही कहानी"

किसकी पंक्ति है ?

(1) महादेवी वर्मा
(2) धूमिल
(3) मैथिली शरण गुप्त
(4) हरिवंश राय बच्चन

**79.** "शहीदों की चिंताओं पर लगेंगे हर वर्ष मेले।

वतन पर मिटने वालों का यही बाकी निशां होगा।"

किसकी पंक्तियां है ?

(1) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(2) गजानन माधव मुक्तिबोध
(3) त्रिलोचन
(4) गयाप्रसाद शुक्ल 'स्नेही'

**80.** हिंदी का पहला उपन्यास किसे माना गया है ?

(1) सेवासदन
(2) परीक्षा गुरू
(3) चंद्रकांता
(4) मानस का हंस

**81.** प्रेमचंद के 'गोदान' उपन्यास के नायक होरी की पत्नी का क्या नाम है ?

(1) सिलिया (2) मेथी (3) धनिया (4) सबिया

**82.** 'मैला आँचल' किसका उपन्यास है ?

(1) फणीश्वर नाथ रेणु (2) चतुरसेन शास्त्री

(3) कमलेश्वर (4) भीष्म साहनी

**83.** चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी' की कहानी का क्या नाम है ?

(1) हार की जीत (2) उसने कहा था

(3) मलवे का मालिक (4) गुंडा

**84.** 'तीसरी कसम'–कहानी किसकी है ?

(1) यशपाल (2) जैनेंद्र

(3) निर्मल वर्मा (4) फणीश्वर नाथ रेणु

**85.** जयशंकर प्रसाद की कहानी है :

(1) ताजमहल (2) आकाशदीप

(3) कफन (4) लंदन की एक रात

**86.** 'मजदूरी और प्रेम'–किसका निबंध है ?

(1) गुलाब राय (2) नगेंद्र

(3) अध्यापक पूर्ण सिंह (4) केदार नाथ सिंह

**87.** आचार्य रामचंद्र शुक्ल का निबंध है :

(1) श्रद्धा और भक्ति (2) अशोक के फूल

(3) गाँव का मन (4) कछुआ धर्म

**88.** 'चंद्रगुप्त' नाटक किसकी रचना है ?

(1) मोहन राकेश (2) जयशंकर प्रसाद (3) सुरेंद्र वर्मा (4) अज्ञेय

**89.** लक्ष्मी नारायण लाल के नाटक का नाम है :

(1) बकरी (2) चंद्रहास

(3) मिस्टर अभिमन्यु (4) कोणार्क

**90.** रामदरश मिश्र की आत्मकथा कृति है :

(1) आत्मकथा (2) रसीदी टिकट

(3) कस्तूरी कुंडल बसै (4) सहचर है समय

**91.** 'भोर का तारा'-किसका एकांकी है ?

(1) उपेंद्र नाथ अश्क (2) जगदीश चंद्र माथुर

(3) धर्मवीर भारती (4) मोहन राकेश

**92.** रामकुमार वर्मा का एकांकी है :

(1) पृथ्वीराज की आँखे (2) अंधी गली

(3) नदी प्यासी थी (4) दूसरा आदमी

93. "निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल"- किसकी पंक्ति है ?
   (1) मैथिलीशरण गुप्त
   (2) जयशंकर प्रसाद
   (3) भारतेंदु हरिश्चंद्र
   (4) श्रीधर पाठक

94. "श्रद्धा और प्रेम के योग का नाम भक्ति है"- किसकी पंक्ति है ?
   (1) हजारी प्रसाद द्विवेदी
   (2) विद्या निवास मिश्र
   (3) राम चंद्र शुक्ल
   (4) डॉ. नगेंद्र

95. प्रेमचंद्र द्वारा वेश्या- समस्या पर लिखा गया उपन्यास है :
   (1) निर्मला (2) कर्मभूमि (3) प्रेमाश्रम (4) सेवासदन

96. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी का बचपन का नाम क्या था ?
   (1) बैजनाथ द्विवेदी
   (2) वैद्यनाथ द्विवेदी
   (3) विद्यानाथ द्विवेदी
   (4) विद्याधर द्विवेदी

97. कफन कहानी का नायक कौन है ?
   (1) घीसू (2) रामू (3) श्यामू (4) हलकू

98. 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक की नायिका का नाम क्या है ?
   (1) सुनीला (2) मल्लिका (3) सावित्री (4) अल्का

99. "बारह बरस लौं कूकर जीवैं अरु सोलह लौ जियै सियार।
बरस अठारह क्षत्रिय जीवैं, आगे जीवन को धिक्कार।।"

किस रचना की पक्तियाँ हैं ?

   (1) पृथ्वीराज रसो
   (2) हम्मीर रासो
   (3) परमाल रासो
   (4) विजयपाल रासो

**100.** ''विरह प्रेम की जागृति गति है,

और सुसुप्त मिलन है ।''

किसकी पंक्तियाँ है ?

(1) मैथिली शरण गुप्त (2) राम नरेश त्रिपाठी

(3) प्रसाद (4) पंत

**101.** ''बर दंत की पंगति कुंदकली अधराधर पल्लव खोलन की।

चपला चमकै धन बीच जगै, छवि मोतिन माल अमोलन की ।।''

किसकी पंक्तियाँ हैं ?

(1) तुलसीदास (2) सूरसाद (3) केशव (4) नंददास

**102.** 'स्वारथु सुकृतु न श्रम वृथा देखि बिहंग विचारि।

बाज पराए पानि पर तू पच्छीनु न मारि।।

किसकी पंक्तियाँ हैं ?

(1) वृंद (2) देव (3) बिहारी (4) रहीम

**103.** रीति काल के काव्य रूप की प्रमुखता है :

(1) महाकाव्य (2) मुक्तक (3) खंडकाव्य (4) गीति काव्य

**104.** "केवल मनोरंजन न कवि का कर्म होना चाहिए।"

किसकी पंक्ति है ?

(1) श्रीधर पाठक (2) जयशंकर प्रसाद

(3) मैथिली शरण गुप्त (4) महादेवी

**105.** भरा नहीं जो भावों से बहती जिसमें रसधार नहीं,

हृदय नहीं वह पत्थर है जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं।"

किसकी पंक्तियाँ हैं ?

(1) गया प्रसाद शुक्ल स्नेही (2) दिनकर

(3) रामनरेश त्रिपाठी (4) सियाराम शरण गुप्त

**106.** हिन्दी का प्रथम पत्र था :

(1) प्रथम मार्तंड (2) उदंत मार्तंड

(3) उदित मार्तंड (4) सुमंत मार्तंड

**107.** 'कवि वचन सुधा' के संपादक कौन थे ?

(1) प्रताप नारायण मिश्र (2) राजा शिव प्रसाद सितारे हिन्द

(3) भारतेंदु हरिश्चंद्र (4) नवीन चंद्र राय

**108.** 'हंस' के प्रारंभिक संपादक कौन थे ?

(1) महात्मा गांधी
(2) माखन लाल चतुर्वेदी
(3) चंद्रधर शर्मा गुलेरी
(4) प्रेमचंद

**109.** 'समीक्षा' का प्रकाशन कहाँ से हो रहा है ?

(1) जबलपुर (2) कानपुर (3) दिल्ली (4) लखनऊ

**110.** आकाशवाणी की भाषा की प्रमुख विशेषता है :

(1) साहित्यिकता (2) क्षेत्रीयता (3) ध्वन्यात्मकता
(4)संस्कृतिनिष्ठता

**111.** भारत में आकाशवाणी का प्रारंभ कब हुआ ?

(1) 1911 ई. (2) 1921 ई. (3) 1931 ई. (4) 1941 ई.

**112.** दूरर्दशन के हिन्दी विज्ञापन की भाषा का स्वरूप कैसा है ?

(1) संस्कृतनिष्ठ
(2) हिन्दी अंग्रेजी मिश्रित
(3) हिन्दी–उर्दू मिश्रित
(4) मानक हिन्दी

**113.** दिनकर की किस रचना पर ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला है ?

(1) उर्वशी (2) कुरुक्षेत्र (3) रेणुका (4) हुंकार

**114.** 'भारत भारती' पुरस्कार किसके द्वारा दिया जाता है ?

(1) साहित्य अकादेमी (2) मध्य प्रदेश अकादेमी

(3) उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान (4) केंद्रीय हिन्दी निदेशालय

**115.** महादेवी वर्मा की किस कृति पर ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला है ?

(1) यामा (2) नीरजा (3) रश्मि (4) सांध्यगीत

**116.** शिव प्रसाद सिंह के नीला चाँद उपन्यास पर कौन सा सम्मान/पुरस्कार मिला है ?

(1) ज्ञानपीठ (2) व्यास सम्मान

(3) साहित्य अकादमी (4) साहित्य भूषण

**117.** प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन कहाँ हुआ था ?

(1) ट्रिनीडाड (2) दिल्ली (3) सूरीनाम (4) नागपुर

**118.** नागरी प्रचारिणी सभा, काशी से हिन्दी व्याकरण की किसकी चर्चित पुस्तक प्रकाशित हुई है ?

(1) डॉ. भोलानाथ तिवारी (2) पं. किशोरी दास वाजपेयी

(3) डॉ. धीरेन्द्र वर्मा (4) डॉ. उदय नारायण तिवारी

**119.** किस देश की एडवांस रिसर्च प्रॉजक्ट एजेंसी के प्रयास से इंटरनेट की परिकल्पना साकार हुई ?

(1) अमेरिका (2) लंदन (3) जर्मनी (4) जापान

**120.** 'अत्यधिक' का शुद्ध संधि –विच्छेद है :

(1) अत्य् + अधिक
(2) अत + अधिक
(3) अत्य + धिक
(4) अति +अधिक

**121.** 'संबंध' का शुद्ध संधि –विच्छेद है :

(1) सङ् + बंध
(2) सञ् + बंध
(3) सम् + बंध
(4) सन् + बंध

**122.** 'नैतिक' शब्द में प्रत्यय है :

(1) क
(2) इक
(3) ईक
(4) अ

**123.** 'प्रतिदिन' में किस समास की योजना है ?

(1) द्वंद्व समास
(2) अव्ययीभाव समास
(3) बहुब्रीहि समास
(4) द्विगु समास

**124.** तद्भव शब्द का चयन कीजिए :

(1) जाना
(2) जलज
(3) जलपति
(4) जनार्दन

**125.** 'कुत्ते की दुम' का क्या अर्थ है ?

(1) असंभव होना
(2) बेकार
(3) सदा साथ
(4) सदा कुटिल

**126.** शुद्ध शब्द का चयन कीजिए :

(1) उज्वल (2) उज्ज्वल (3) उज्ज्वल (4) उजवल

**127.** अवधी भाषा की मुख्य प्रवृत्ति क्या है ?

(1) इकार बहुला (2) ऊकार बहुला

(3) एकार बहुला (4) औकार बहुला

**128.** पं. मदन मोहन मालवीय ने हिन्दी पत्र 'अभ्युदय' का प्रकाशन कब शुरू किया था ?

(1) 1901 ई. (2) 1907 ई. (3) 1911 ई. (4) 1917 ई.

**129.** हिन्दी की अल्पप्राण, घोष उत्क्षिप्त, व्यंजन ध्वनि है :

(1) छ् (2) ड् (3) ड़् (4) ढ्

**130.** जगनिक के रासो काव्य का क्या नाम है ?

(1) परमाल रासो (2) बीसलदेव रासो

(3) खुमाण रसो (4) विजयपाल रासो

**131.** अमिर खुसरो के गुरु कौन थे ?

(1) शेख फरीद (2) रामानंद

(3) मुहम्म्द अली (4) निजामुद्दीन औलिया

**132.** अष्टछाप कवियों में नाम **नहीं** है :

(1) सुंदरदास (2) नंददास (3) कृष्णदास (4) परमानंददास

**133.** भूषण की रचना **नहीं** है :

(1) शिवराज भूषण (2) शिवा बावनी

(3) शिवा भूषण (4) छत्रसाल दशक

**134.** भारतेन्दु मंडल के कवि **नहीं** हैं :

(1) प्रेमधन (2) राधाचरण गोस्वामी

(3) प्रताप नारायण मिश्र (4) सुधाकर द्विवेदी

**135.** श्रीधर की रचना का नाम है :

(1) श्रांत पथिक (2) त्रिशूल तरंग (3) युगांत (4) मानसी

**136.** मैथिली शरण गुप्त कृत 'साकेत' का प्रकाशन काल क्या है ?

(1) 1923 ई. (2) 1925 ई. (3) 1931 ई. (4) 1940 ई.

**137.** 'काठ की घंटियाँ'

किसकी रचना है ?

(1) भवानी प्रसाद मिश्र (2) नरेश मेहता

(3) केदारनाथ सिंह (4) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

**138.** ''शक्ति : कवित्व बीज रूपः संस्कार विशेषः''

किसका कथन है ?

(1) मम्मट (2) भामह (3) रुद्रट (4) हेमचन्द

**139.** ''नर की अरु नल नीर की गति एक करि जोय।

जे तो नीचो ह्वै चलै तेतो ऊँचो होय।।''

इस पद्यांश में औचित्य का कौन सा रूप है ?

(1) नामौचित्य (2) रसौचित्य (3) स्वभावौचित्य (4) निपातौचित्य

**140.** ''बड़ा कि छोटा कुछ काम कीजै,

परंतु पूर्वा पर सोच लीजै।

बिना विचारे यदि काम होगा,

कभी न अच्छा परिणाम होगा।।

इसमें किस छंद की योजना है ?

(1) इंद्रवज्रा (2) वंशस्थ (3) मालिनी (4) उपेंद्रवज्रा

**141.** अज्ञेय का 'बावरा अहेरी' किसका प्रतीक है ?

(1) निराश (2) सूर्य (3) खग (4) पर्वत

**142.** रसो-निष्पत्ति का अनुमितिवाद किसका मत है ?

(1) आचार्य भट्ट लोल्लट (2) आचार्य शंकुक

(3) आचार्य भट्ट नायक (4) आचार्य अभिनव गुप्त

**143.** आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी की साहित्य-आलोचना मुख्यतः किस पर आधारित है ?

(1) सौंदर्य (2) रसानुभूति (3) नैतिकता (4) मानवतावाद

**144.** 'रंगभूमि' उपन्यास के नायक का क्या नाम है ?

(1) तुलसी दास (2) राम दास (3) सूरदास (4) सुंदरदास

**145.** अमृत लाल नागर का उपन्यास है :

(1) खंजन नयन (2) सारा-आकाश (3) महाभोज (4) वे दिन

**146.** सावित्री किस नाट्य कृति की पात्रा है ?

(1) आठवाँ सर्ग (2) मुक्ति का रहस्य

(3) आधे अधूरे (4) दीवारों का घर

**147.** 'तुम चंदन हम पानी' किसका निबंध है ?

(1) कुबेर नाथ राय (2) गुलाब राय

(3) हजारी प्रसाद द्विवेदी (4) विद्यानिवास मिश्र

**148.** भारतीय साहित्य को परिभाषित करते हुए किसने साहित्य को जनता की चित्तवृत्तियों का संचित प्रतिबिंब माना है ?

(1) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी (2) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

(3) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी (4) डॉ नगेंद्र

**149.** लोक गीत में क्या अनिवार्य **नहीं** होता है ?

(1) अलंकार (2) लय (3) रस (4) माधुर्य

**150.** दूरदर्शन की दृश्य भाषा की पहचान **नहीं** है :

(1) चमत्कारिकता (2) संक्षिप्तता

(3) विस्तृत प्रस्तुति (4) चक्षु ग्राह्यता



2,500

## अभ्यर्थियों के लिए निर्देश

*(इस पुस्तिका के प्रथम आवरण पृष्ठ पर तथा उत्तर-पत्र के दोनों पृष्ठों पर केवल नीली-काली बाल-प्वाइंट पेन से ही लिखें)*

1. प्रश्न पुस्तिका मिलने के 10 मिनट के अन्दर ही देख लें कि प्रश्नपत्र में सभी पृष्ठ मौजूद हैं और कोई प्रश्न छूटा नहीं है। पुस्तिका दोषयुक्त पाये जाने पर इसकी सूचना तत्काल कक्ष-निरीक्षक को देकर सम्पूर्ण प्रश्नपत्र की दूसरी पुस्तिका प्राप्त कर लें।
2. परीक्षा भवन में *लिफाफा रहित प्रवेश-पत्र के अतिरिक्त,* लिखा या सादा कोई भी खुला कागज साथ में न लायें।
3. *उत्तर-पत्र अलग से दिया गया है। इसे न तो मोड़ें और न ही विकृत करें। दूसरा उत्तर-पत्र नहीं दिया जायेगा। केवल उत्तर-पत्र का ही मूल्यांकन किया जायेगा।*
4. अपना अनुक्रमांक तथा उत्तर-पत्र का क्रमांक प्रथम आवरण-पृष्ठ पर पेन से निर्धारित स्थान पर लिखें।
5. *उत्तर-पत्र के प्रथम पृष्ठ पर पेन से अपना अनुक्रमांक निर्धारित स्थान पर लिखें तथा नीचे दिये वृत्तों को गाढ़ा कर दें। जहाँ-जहाँ आवश्यक हो वहाँ प्रश्न-पुस्तिका का क्रमांक तथा सेट का नम्बर उचित स्थानों पर लिखें।*
6. *ओ० एम० आर० पत्र पर अनुक्रमांक संख्या, प्रश्नपुस्तिका संख्या व सेट संख्या (यदि कोई हो) तथा प्रश्नपुस्तिका पर अनुक्रमांक और ओ० एम० आर० पत्र संख्या की प्रविष्टियों में उपरिलेखन की अनुमति नहीं है।*
7. *उपर्युक्त प्रविष्टियों में कोई भी परिवर्तन कक्ष निरीक्षक द्वारा प्रमाणित होना चाहिये अन्यथा यह एक अनुचित साधन का प्रयोग माना जायेगा।*
8. *प्रश्न-पुस्तिका में प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के वैकल्पिक उत्तर के लिए आपको उत्तर-पत्र की सम्बन्धित पंक्ति के सामने दिये गये वृत्त को उत्तर-पत्र के प्रथम पृष्ठ पर दिये गये निर्देशों के अनुसार पेन से गाढ़ा करना है।*
9. प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए केवल एक ही वृत्त को गाढ़ा करें। एक से अधिक वृत्तों को गाढ़ा करने पर अथवा एक वृत्त को अपूर्ण भरने पर वह उत्तर गलत माना जायेगा।
10. *ध्यान दें कि एक बार स्याही द्वारा अंकित उत्तर बदला नहीं जा सकता है। यदि आप किसी प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते हैं, तो संबंधित पंक्ति के सामने दिये गये सभी वृत्तों को खाली छोड़ दें। ऐसे प्रश्नों पर शून्य अंक दिये जायेंगे।*
11. रफ कार्य के लिए प्रश्न-पुस्तिका के मुखपृष्ठ के अंदर वाला पृष्ठ तथा उत्तर-पुस्तिका के अंतिम पृष्ठ का प्रयोग करें।
12. परीक्षा के उपरान्त *केवल **ओ एम आर उत्तर-पत्र*** परीक्षा भवन में जमा कर दें।
13. परीक्षा समाप्त होने से पहले परीक्षा भवन से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।
14. यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करता है, तो वह विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित दंड का/की, भागी होगा/होगी।